# मुरगांव पत्तन प्राधिकरण

**आईएसओ 9001: 2015 और आईएसओ 14001: 2015 प्रबंधन प्रणाली के लिए प्रमाणित**

**(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)**

# नागरिक चार्टर

- ***ऑफलाइन चार्टर कार्यालय में रखा जाता है और विक्रेताओं / प्रयोक्ताओं द्वारा अनुरोध किए जाने पर उपलब्ध कराया जाता है।***

- ***ऑनलाइन चार्टर एमपीए वेबसाइट (*** *https://www.mptgoa.gov.in)* ***पर उपलब्ध है।***

- ***नागरिक चार्टर के संबंध में किसी भी सुझाव / सुधार के लिए कृपया हमें*** *secretary@mptgoa.gov.in* ***पर इमेल करें। आपके सुझाव हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।***

# <u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम सं | विषय वस्तु | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | संदृश्य, ध्येय व एकीकृत प्रबंधन प्रणाली | **03** |
| 2. | हमारी प्रमुख सेवाएं | **04** |
| 3. | हमारी प्रतिबध्दताएं | **05** |
| 4. | पत्तन में सुविधाएं | **06** |
| 5. | क. पूरी हुईं और चालू परियोजनाएँ<br>ख. निष्पादन अधीन परियोजनाएं | **09** |
| | ग. पुन:संरचना के अंतर्गत परियोजनाएं<br>घ. संकल्पनात्मक चरण में परियोजनाएं | **12** |
| 6. | मुख्य सेवा और लेन-देन | **13** |
| 7. | सेवा मानक | **20** |
| 8. | लोक शिकायत निवारण की जानकारी | **23** |
| 9. | आरटीआई विवरण के बारे में जानकारी | **23** |
| 10. | जिम्मेदार केंद्र | **26** |
| 11. | ग्राहक समूहों/स्टेकहोल्डरों / प्रयोक्ताओं की पहचान | **28** |

## 1) संदृश्य:-

मुरगांव पत्तन, देश की पत्तन सम्बध्द समृद्धि और तटीय समुदाय के विकास के लिए भविष्य से समझौता किए बिना वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संसाधनों का प्रबंधन और विकास करने के लिए जनता के भरोसे को बनाए रखते हुए गोवा राज्य के आर्थिक विकास में एक उत्प्रेरक के रूप में सेवा देना चाहता है ।

**ध्येय :-**

- सुचारू व्यापार से समग्र ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने के लिए पूर्ण विकसित क्षमता सहित मुख्य दक्षताओं को बढ़ाना।
- गोवा के पर्यटन को आकर्षक बनाना और राज्य में क्रूज पर्यटन और अन्य संबद्ध गतिविधियों को विकसित कर एक पर्यटन आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित होना।
- बदलते विश्व मानक परिदृश्य के अनुकूल गतिशील प्रकृति की अवसंरचनाओं का निर्माण करना।
- क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जीवन स्तर को मजबूत करने के लिए मुरगांव पत्तन के लिए आदर्श प्रशासन विकसित करना।
- पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक हित की रक्षा करने के साथ- साथ स्थायी संवर्धित मूल्य सृजित करना।
- निवारक पर्यावरण संरक्षण उपायों को अपनाकर परिवेशी वायु और जल गुणवत्ता को बनाए रखना।

## 2. एकीकृत प्रबंधन प्रणाली

एमपीए, जो प्रमाणन निकाय मेसर्स इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स, मुंबई द्वारा 29.12.2022 से जारी आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 प्रबंधन प्रणालियों के लिए प्रमाणित है, उपयोगकर्ता के अनुकूल दृष्टिकोण बनाए रखने और निश्चित गुणवत्ता और मानकों की सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एकीकृत प्रबंधन प्रणाली नीति

### (आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 की आवश्यकता को शामिल करते हुए)

एमपीए लागू कानूनी और अन्य आवश्यकताओं और सर्वोत्तम ग्रीन पोर्ट पध्दतियों का अनुपालन करते हुए सुरक्षित और लागत प्रभावी समुद्री पत्तन सुविधा और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमपीए गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा, सेवा उत्कृष्टता, बेहतर स्वागत सुविधाओं, निरंतर सुधार और इच्छुक पार्टियों की संतुष्टि में वृद्धि के लिए प्रयास करता है।

एमपीए अपने सभी प्रचालन कार्यों में प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभावों को रोककर अपनी गुणवत्ता और पर्यावरणीय प्रदर्शन में लगातार सुधार करता है। एमपीए पर्यावरण के अनुकूल वातावरण को बनाए रखने के लिए प्रदूषण को रोकता है और नियंत्रित करता है और सभी इच्छुक पार्टियों के बीच पर्यावरण जागरूकता प्रदान करता है, ताकि पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से कचरे को कम और प्रबंधित किया जा सके। एमपीए प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की दिशा में काम करने के लिए सभी इच्छुक पार्टियों के साथ मिलकर काम करता है।

## 3. हमारी प्रमुख सेवाएं

| क्रम सं. | हमारी सेवाएं तथा संव्यवहार | हमारे सेवा मानक |
|---|---|---|
| 1 | जहाजों का लदान फेरा समय कम करना | 61.43 बजे (2024-25 के लिए लक्ष्य) |
| 2 | जहाजों के लिए घाटों का आबंटन | प्रतिदिन |
| 3 | पट्टे पर देना / लाइसेंस देना तथा मौजूदा पट्टे/उप पट्टे का नवीनीकरण | शेष भूमि जिसकी पत्तन को आवश्यकता नहीं है, को निर्धारित तारीख के भीतर पट्टे पर देना |
| 4 | पायलटेज | 34 मिनट |
| 5 | हारबर मोबाईल क्रेनों की उपलब्धता | न्यूनतम समय में नौभार का भारण तथा अभारण |
| 6 | पत्तन की सभी क्रेनों, टगों, आदि का अनुरक्षण | उपकरणों का अच्छी कार्य स्थिति में रखरखाव |
| 7 | सिविल अवसंरचना, सडकें, जेट्टी, वार्फ आदि का निर्माण तथा अनुरक्षण | संबध्द प्रयोज्य भारतीय मानक, कार्य समय पर पूरा करना |
| 8 | भारण/अभारण प्रचालन के लिए रेलवे शटिंग हेतु लोको सेवाएं प्रदान करना | उत्कृष्ट |
| 9 | वार्फ के भीतर भंडारण क्षेत्र का आबंटन | प्राप्त |
| 10 | नौभार प्रचालन के लिए गैंग आबंटन | प्राप्त |
| 11 | बिल प्रस्तुत करना तथा सेवाएं | ऑपरेटिंग विभाग से डेबिट मेमो अनुरोध जारी होने के 5 कार्य दिवसों के भीतर। |
| 12 | विद्‌युत आपूर्ति की शिकायतें | 1 दिन के भीतर |
| 13 | संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान | सभी प्रकार से पूर्ण बिलों की प्राप्ति से 5 कामकाजी दिनों के भीतर |
| 14 | संविदाकार का पंजीकरण (10 लाख तक के सिविल कार्य) | निर्धारित समय के भीतर पंजीकरण पूरा करना |
| 15 | जहाजों तथा घाटों के लिए साफ पानी की आपूर्ति | 2 दिनों के भीतर |
| 16 | आग दुर्घटना को रोकना तथा ऐसी घटना पर नियंत्रण | तुरंत |
| 17 | रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें | 5 दिन |
| 18 | सीपीग्राम तथा नागरिक चार्टर का मानिटरिंग और तिमाही रिपोर्ट पोत परिवहन मंत्रालय को प्रस्तुत करना | 60 दिन |
| 19 | i) पत्तन प्रयोक्ताओं के लिए एलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन<br>ii)पत्तन के संविदाकारों के लिए अस्थाई एलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन | प्रचालन के लिए/निर्माण कार्यस्थल हेतु घाट पर पत्तन प्रयोक्ताओं के लिए विद्‌युत आपूर्ति |
| 20 | चिकित्सा उपचार सुविधा | 100% |
| 21 | पोर्ट इंस्टीट्युट बिल्डिंग,वास्को में सीएएक्यूएमएस स्टेशन का संस्थापन कर परिवेशी वायु गुणता की मानिटरिंग । | पीएम 2.5, पीएम10, एसओएक्स व एनओएक्स जैसा वायु गुणता डाटा सीपीसीबी/जीएसपीसीबी सर्वर पर निरंतर अपलोड किया जाता है। |

4. **<u>हमारी प्रतिबद्धताएं</u>**

i) **क्रूज बर्थिंग:** अंतर्राष्ट्रीय और देशी क्रूज जहाजों की बर्थिंग के लिए 450 मीटर लंबाई का समर्पित क्रूज घाट 350 मीटर की स्वीकार्य एलओए के साथ (-)9.50 मीटर के ड्राफ्ट के साथ प्रदान किया गया है। वर्तमान में 24 इमिग्रेशन काउंटरों के साथ क्रूज बर्थ पर ही इमिग्रेशन सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

ii) अंतर्राष्ट्रीय और देशी क्रूज टर्मिनल का विकास - क्रूज हब के भीतर वाणिज्यिक भवन और आरओ-आरओ, रोपैक्स सुविधाओं सहित संबद्ध सुविधाओं के साथ आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय और देशी क्रूज टर्मिनल लगभग 54,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें अलग पार्किंग लैंडस्केपिंग भी है। अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल में 24 इमिग्रेशन काउंटर और आवश्यकता पड़ने पर और अधिक काउंटर लगाने की सुविधा है, यात्रियों की स्कैनिंग के लिए अलग काउंटर पीएचओ, आइसोलेशन रूम आदि। अन्य सुविधाओं में बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, अग्निशमन प्रणाली आदि शामिल हैं। टर्मिनल के सितंबर, 2025 तक चालू होने की उम्मीद है।

iii) **मूरिंग डॉल्फ़िन**: छह मूरिंग डॉल्फिन में से, 13.10 मीटर के ड्राफ्ट के साथ तीन मूरिंग डॉल्फिन पैनामैक्स आकार के जहाजों को समायोजित करने में सक्षम हैं, जो जहाज के अपने गियर का उपयोग करके अयस्क और अन्य बल्क माल को संभालने के लिए उपलब्ध हैं। मूरिंग डॉल्फिन 4 से 6 प्रचालन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

iv) **तरल नौभार घाट:** पेट्रोलियम उत्पादों और अन्य तरल नौभार जैसे कि फॉस्फोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, अमोनिया, मोलासिस आदि की संभलाई के लिए घाट सं.8 पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं। ओआईएसडी 156 के अनुसार घाट रिमोट ऑपरेशन अग्निशमन सुविधा से सुसज्जित है।

v) **बहुप्रयोज्य सामान्य नौभार घाट :** पत्तन ने दिसंबर, 2023 में 30 वर्ष की अवधि के लिए पीपीपी मोड पर घाट संख्या 10 और 11 के प्रचालन और अनुरक्षण को आउटसोर्स किया है, मुरगांव पत्तन और मेसर्स डेल्टा पोर्ट्स मुरगांव टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (मेसर्स डीपीएमटीपीएल) के बीच रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दिनांक 10.12.2024 को कंसेशनियर मेसर्स डीपीएमटीपीएल को अवार्ड पत्र जारी किया और निर्माण कार्य चालू है। परियोजना सुविधाओं के एक हिस्से के रूप में, पीपीपी ऑपरेटर ने जर्मनी से 125 मीट्रिक टन प्रत्येक लिबर मेक के दो एचएमसी खरीदे हैं। अन्य सुविधाओं में तीनों शेडों की फिर से छत बनाना, मोबाइल कन्वेयर सिस्टम, पर्यावरणीय उपायों को बढ़ाना, उपकरण और अन्य सिविल कार्य शामिल हैं।

vi) **यांत्रिकृत कार्गो डिस्चार्ज सुविधा:** घाट सं. 5 और 6 को 450 मीटर की संयुक्त लंबाई और 14.1 मीटर की गहराई के साथ एक सामान्य उपयोगकर्ता सुविधा (19.60 मिलियन टन / वर्ष की निर्धारित क्षमता) के रूप में बीओओटी आधार पर यांत्रिकृत कार्गो डिस्चार्ज सुविधा के साथ निजी ऑपरेटर मेसर्स साउथ वेस्ट पोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। घाट संख्या 5 के लिए अनुमत क्षमता इस्पात उत्पादों की संभलाई के लिए 2.0 एमटीपीए है और घाट संख्या 6 के लिए चूना पत्थर 3.0 एमटीपीए और कोयला/कोक 5.5 एमटीपीए है तथा लौह अयस्क/स्लैग/एचबीआई/पिग आयरन (आयात एवं निर्यात) की संभलाई 0.50 एमएमटीपीए है।

**vii)** **घाट सं. 7:** प्राइवेट ऑपरेटर मेसर्स अदाणी मुरगांव पोर्ट टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड ने समान प्रयोक्ताओं की सुविधा के रूप में डीबीएफओटी आधार पर यांत्रिकृत नौभार डिस्चार्ज सुविधा सहित 300 मीटर की लंबाई और 14.10 मी. के डुबाव के साथ घाट सं. 7 को विकसित किया है। कोयला / कोक की संभलाई के लिए घाट सं. 7 की अनुमत क्षमता 5.2 एमटीपीए है। टर्मिनल पर समुद्री मार्ग से जहाज द्वारा नौभार की प्राप्ति के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। टर्मिनल पर सड़क और रेल मार्ग से नौभार के प्रेषण के लिए पर्याप्त सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

**viii)** **पूर्ण रेक वैगन हैंडलिंग रेलवे**: वर्तमान में रेक मूवमेंट के लिए 8 फुल रेक वैगन हैंडलिंग लाइनें उपलब्ध हैं। लाइन नंबर 8 और 8A को M50 ग्रेड पेवर ब्लॉक के साथ 25 मीटर चौड़ा प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है।

**ix)** **भंडारण क्षेत्र**: पत्तन ने कंक्रीट पेवर ब्लॉक के साथ घाट सं. 10 और 11 के पीछे लगभग 82000 वर्ग मीटर का भंडारण क्षेत्र विकसित किया है। यह सुविधा प्रदूषण के स्तर को कम करेगी और कार्गो की कुशल आवाजाही में मदद करेगी।

**x)** **पर्यावरण मानीटरिंग योजना:** पत्तन पर्यावरण मानिटरिंग योजना का अनुपालन कर रहा है और ईसी और सीटीओ शर्तों के अनुपालन के लिए वायु और जल गुणवत्ता की मानिटरिंग पर विशेष जोर दिया जाता है।

**xi)** **एम्बीयंट एयर मानीटरिंग स्टेशन :** -पत्तन परिचालन क्षेत्र और वास्को शहर के आसपास की वायु गुणवत्ता की मानिटरिंग के लिए तीन सीएएक्यूएमएस स्टेशनों को स्थापित किया गया था, यानी (i) एमपीए द्वारा मुरगांव पोर्ट इंस्टीट्यूट, वास्को के पास (ii) मेसर्स अडानी द्वारा बोगदा में डी-टाइप क्वार्टर के पास और (iii) मेसर्स एसडब्ल्यूपीएल द्वारा शिप बिल्डिंग इंस्टीट्यूट के पास। इन स्टेशनों से वायु गुणवत्ता के आंकड़े लगातार जीएसपीसीबी और सीपीसीबी सर्वर पर अपलोड किए जाते हैं। साथ ही जनता के देखने के लिए डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए गए हैं।

**xii)** **वृक्षारोपण अभियान :** - मुरगांव पत्तन में वर्तमान में लगभग 33% भूमि हरित आवरण के अंतर्गत है। पत्तन और इसके टर्मिनल प्रचालक हर साल परिचालन क्षेत्रों के अंदर और बाहर वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं, विभिन्न संगठनों, व्यक्तिगत घरों आदि में पौधों का वितरण किया जा रहा हैं।

2024 के अंतिम मानसून में, पोर्ट परिचालन क्षेत्रों, एमपीए अस्पताल और पोर्ट आवासीय कॉलोनी में 2570 पौधे लगाए गए।

## 5. <u>पत्तन में सुविधाएं</u>

**क)** **घाट और नौसंचालन चैनल**: वार्षिक अनुरक्षण निकर्षण द्वारा घाट और नौसंचालन चैनल पर पर्याप्त गहराई बनाए रखी जाती है। दिन और रात की नौवहन सुविधाएं, पायलट सेवा, टग सहायता, पायलट लॉन्च, पानी के बजरा और मूरिंग बार्ज आदि सेवाएं चौबीसों घंटे प्रदान की जाती हैं। पत्तन का सिग्नल स्टेशन, पत्तन में आने वाले जहाजों के साथ चौबीसों घंटे संचार सुविधा प्रदान करता है।

**ख) कंटेनर यातायात**: कंटेनर यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए, घाट संख्या 10 और 11 के पीपीपी ऑपरेटर ओ एंड एम ने 125 मीट्रिक टन के दो एचएमसी खरीदे हैं और इन्हें जल्द ही प्रचालन में लाया जाएगा। पत्तन  शिप लाइनर कंटेनर ऑपरेटरों, फार्मा और समुद्री खाद्य निर्यातकों आदि के साथ विभिन्न व्यापार बैठकों का आयोजन करके घाट संख्या 10 और 11 पर कंटेनर संभलाई  की शुरुआत को बढ़ावा देने के लिए कई पहल कार्य  कर रहा है।

**ग) नौभार संभलाई उपकरण**: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक्सपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एलाइड एक्टिविटीज (ASIDE) योजना के विकास हेतु राज्यों को सहायता के तहत 120 मैट्रिक टन क्षमता की एक हारबर मोबाइल क्रेन (HMC) की खरीद की गई है। एचएमसी को शुरू किया गया जिसका इस्तेमाल इस पत्तन में शुष्क बल्क नौभार, ब्रेक नौभार और कंटेनर नौभार की संभलाई के लिए किया जा रहा है।

**घ) अतिरिक्त वेब्रिज**: दिनांक 06/06/2017 को माइक्रोप्रोसेसर सहित दो 100T पिटलेस टाईप लॉरी / रोड वेब्रिज की शुरुवात की गई है और इनका प्रचालन राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर मेसर्स ट्रक वे सिस्टम (I)प्राई. लि., कोएंबतूर द्वारा  10 वर्ष की अवधि के लिए किया जा रहा है।

**ङ) आरएफआईडी और बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस:** मंत्रालय के निदेशों के तहत पत्तन की प्रचालन कार्यक्षमता बढ़ाने और व्यापार सुविधा के लिए पत्तन ने बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (BCG) द्वारा की गई कुछ सिफारिशों को लागू किया है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- पत्तन  के कस्टम बाउंड डॉक क्षेत्र में पोर्ट उपयोगकर्ताओं, ट्रांसपोर्टरों और आगंतुकों के लिए RFID आधारित गेट एक्सेस सिस्टम की स्थापना। हार्बर एंट्री परमिट के आवेदन, अनुमोदन और जारी करने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।
- पत्तन कर्मचारियों के लिए उनके फिंगरप्रिंट के आधार पर बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू की गई है।

**च) फायर टेंडर**: पत्तन में एक बहु प्रयोज्य संयुक्त फोम और $CO_2$ फायर क्रैश टेंडर प्रचालन के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

**छ) वीटीएमएस**: अंतर्राष्ट्रीय पोत और पत्तन सुविधा सुरक्षा (आईएसपीएस) संहिता के अनुसार, पत्तन को जहाजों और पत्तन सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यापक उपाय करने होते हैं, जिन्हें जहाजों और पत्तन सुविधाओं को होने वाले अनुभूत खतरों की तैयारी में विकसित किया जाता है। इसके लिए किसी भी पत्तन पर पूर्णतः कार्यात्मक और अद्यतन वीटीएमएस प्रणाली की आवश्यकता होती है।

वीटीएमएस का प्रतिस्थापना कार्य दिनांक 28.02.2018 को पूरा हो गया है और इसमें दो वर्ष की गारंटी अवधि के बाद 5 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक अनुरक्षण  अनुबंध है।

**ज)** **केनन मिस्ट**: ब्रेक बल्क नौभार की संभलाई के दौरान भारण/अभारण क्षेत्रों में हवा से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिए दो मोबाईल मिस्ट केनन की व्यवस्था की गई है।

**झ)** **रोड स्वीपर मशीन** : कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में पत्तन क्षेत्र के भीतर तथा आसपास के शहर में सड़कों की सफाई के लिए 1 रोड स्वीपर मशीन उपलब्ध कराई गई है।

**ञ)** **पानी और बंकरिंग की सुविधा**: पानी की आपूर्ति घाट के बगल में सीधे तट सुविधाओं से और सरणी में पत्तन द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियोजित ठेकेदार द्वारा की जाती है। तेल कंपनियों के साथ पूर्व प्रबंध से पत्तन घाट पर आने वाले जहाजों को ईंधन तेल, हल्के डीजल तेल और उच्च गति डीजल तेल की आपूर्ति के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**ट)** **सौर ऊर्जा संयंत्र**: प्रशासनिक भवन और एमपीए अस्पताल की छत पर क्रमशः 50 किलोवाट और 150 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं, प्रति वर्ष कुल बिजली उत्पादन लगभग 2.3 लाख यूनिट है।

**ठ)** **ग्रीन पोर्ट इनिशिएटिव**: मंत्रालय के निदेशानुसार पत्तन ने जहाजों के डीजल इंजनों को चलाने के कारण होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ब्रेकवाटर, मोल घाट, घाट सं. 8 और 4 पर घाट लगाए जाने वाले जहाजों को तटीय विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए कार्रवाई की है।

**ड)** **डस्ट सप्रेशन स्क्रीन**: शहर और आसपास के अन्य क्षेत्रों में उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए 8.0 मी. ऊंचाई की डस्ट सप्रेशन स्क्रीन स्थापित की गई है।

**ढ)** **तीन शंटिंग लोकोमोटिव किराए पर लेना:** पत्तन ने शंटिंग / रेकों की आवाजाही और पत्तन के अंदर रेकों के साइलो लोडिंग के लिए मेसर्स राईट्स लिमि. (2) और मेसर्स केआरसीएल (1) से दिनांक 31/07/2026 तक की अवधि के लिए 1400 एचपी क्षमता के तीन क्रीप कंट्रोल, डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव किराए पर लिए है।

**ण)** **पत्तन निकास गेट पर 2 ऑटोमैटिक ट्रक व्हील वॉश यूनिटों का प्रावधान :** पत्तन निकास गेट सं. 9 पर दिनांक 29/12/2021 को 2 ऑटोमैटिक ट्रक व्हील वॉश यूनिटों की शुरुआत की गई हैं। इस प्रणाली का उपयोग कार्गो ले जाने वाले ट्रकों के टायरों से संचित कीचड़ को हटाने के लिए किया जाता है, ताकि धूल की आवाजाही कम हो।

**त)** अतिरिक्त स्टैकिंग क्षेत्र और रेक संचलन को सुविधाजनक बनाने के लिए हार्बर क्षेत्र में रेलवे प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है। पत्तन मैसर्स बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के माध्यम से जीएसटी को छोड़कर, कुल 71,59,061/- की कुल लागत पर एलईडी ल्यूमिनेयर के साथ 07 संख्या में 30 मीटर हाई मास्ट स्थापित और चालू किए हैं।

**थ) हरित सागर के अंतर्गत** - पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी हरित सागर-हरित पत्तन नीति दिशानिर्देशों के तहत, मुरगांव पत्तन ने कार्बन फुटप्रिंट को वांछित स्तर तक लाने के लिए विभिन्न पहल कार्य किए हैं।

**द) धूल को कम करने के लिए सीवरेज पानी की आपूर्ति** – मुरगांव पत्तन ने 3.80 करोड़ रुपये की लागत से घाट संख्या 5, 6, 7, 9, 10 और 11 के लिए धूल को कम करने के उद्देश्य से काटे बायना में मेसर्स सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ गोवा लिमिटेड, एसटीपी प्लांट से उपचारित सीवेज पानी की आपूर्ति करने की पहल की है। यह परियोजना मार्च, 2025 तक पूरा होने की अपेक्षा है।

**6. <u>पूरी हुईं और चालू की गईं परियोजनाएं</u>**

**क) <u>चालू परियोजना –</u>** घाट संख्या 5, 6, 7, 8 और 9 को नए प्रवेश/निकास द्वार से जोड़ने वाली 12 मीटर चौड़ी कंक्रीट सड़क का निर्माण नवंबर 2023 में पूरा हो गया। इस परियोजना को सागरमाला के तहत वित्त पोषित किया गया था।

**ख) <u>निष्पादन अधीन परियोजनाएं</u>**

**1. <u>एनएच -66 तक चार मार्गीय कनेक्टीवीटी</u> :** पत्तन एनएच-17ए और एनएच-66 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा हुआ है। वेरना जंक्शन से वरुणपुरी जंक्शन तक लगभग 13.1 किलोमीटर लंबी पत्तन कनेक्टिविटी चार मार्गीय सड़क एनएच-566 का निर्माण पूरा हो चुका है और यह मई 2004 से यातायात के लिए खुली कर दी गई है। शेष 5.2 किलोमीटर हिस्से के लिए, एमपीए और एनएचएआई के साथ त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार राज्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्यान्वियन के तहत मेसर्स गैमन इंडिया लिमिटेड द्वारा 14.10.2015 को काम शुरू किया गया। संशोधित परियोजना लागत 644 करोड़ रुपये है।

**लूप-I-** वरुणापुरी जंक्शन से सडा तक का 5.2 किलोमीटर है, जो दिनांक 03/01/2022 को चालू हुआ है।

**लूप-II-** रवींद्र भवन जंक्शन से घाट सं. 10 और 11 तक चार लेन फ्लाईओवर का कार्य 31.12.2024 को पूरा हुआ और यह दि. 21.01.2025 को चालू हुआ । इससे पत्तन यातायात को टी-3 शेड के पास लैंडिंग पॉइंट पर एमपीए तक पहुंचने में सुविधा होगी, जिससे एनएच 566 को एनएच 66 के माध्यम से सीधे जोड़ा जा सकेगा।

**2. <u>घाट संख्या 11 पर चार मार्गीय सडक लैंडिंग को जोडने हेतु निकास/ प्रवेश कार्यालयों के लिए परिसंचरण सडक और गेट काम्पलेक्स</u> :** घाट संख्या 11 पर वरुणापुरी से मुरगांव पत्तन लैंडिंग तक एनएच 17 बी को जोड़ने वाली चार लेन कनेक्टिविटी का 5.2 किलोमीटर के शेष भाग का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे जून 2023 तक चालू किया जाएगा। घाट संख्या 11 पर उत्थापित चार लेने वाली सड़क के अवतरण पर कुशल परिवहन और माल ढुलाई की आसानी के लिए एक उचित परिसंचरण सड़क की योजना बनाई गई है। परिसंचरण योजना में गेट कॉम्पलेक्स,एंट्री एग्जिट ऑफिस, एल्यूमिनेशन, लैंडस्कैपिंग शामिल है। परियोजना की अनुमानित लागत 34 करोड़ रुपये है।सड़क/परिसंचरण के विकास और क्षेत्र के फ़र्श की चरण-I परियोजना की लागत 19.35 करोड़ रुपये है जो अक्तूबर 2018 तक पूरी हो गई थी। घाट संख्या 11 पर चार मार्गीय फ्लाई ओवर लैंडिंग का काम पूरा होने के बाद शेष कार्य शुरू किया जाएगा। परियोजना लागत का 50% हिस्सा शिपिंग मंत्रालय द्वारा सरगमाला अनुदान के तहत वित्तपोषित किया गया है। अब तक पत्तन को 15.30 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं।

**3. मुरगांव पत्तन में अंतर्राष्ट्रीय तथा देशी क्रूज टर्मिनल, रोपैक्स, फेरी और अन्य संबध्द गतिविधियों का विकास :-**

भारत सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्रूज पर्यटन के विकास को एक नीतिगत पहल के रूप में परिकल्पित किया है। इस अधिदेश को पूरा करने के लिए, एमपीए ने तदनुसार उक्त परियोजना की योजना बनाई है। इस परियोजना में विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय और देशी टर्मिनलों का विकास शामिल है जो गोवा के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेंगे।

इस उद्देश्य के लिए मुरगांव पत्तन ने मैसर्स टीम वन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आर्किटेक्चरल डिजाइन और इंजीनियरिंग कंसल्टेंट तथा मैसर्स फीड बैक इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव को टेक्नो इकोनॉमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए नियुक्त किया है। कोचीन पत्तन को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में नियुक्त किया गया है।

- परियोजना की अनुमानित लागत 101.72 करोड़ रुपये है। कार्य अभी चालू है।
- यह परियोजना सागरमाला योजना और पर्यटन मंत्रालय के तहत एमओपीएसडब्ल्यू द्वारा वित्त पोषित किया गया है।
- यह परियोजना मैसर्स आरसीसी-एसीसी को ईपीसी मोड पर सौंपी गई थी।

**<u>प्रस्तावित सुविधाएं:</u>**

- प्रस्तावित विकास में स्टेट ऑफ आर्ट टर्मिनल बिल्डिंग होगी जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और देशी क्रूज टर्मिनल के साथ-साथ संबद्ध सुविधाएं शामिल हैं।
- अनुषंगी वाणिज्यिक भवन को शॉपिंग जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।
- आंतरिक सड़क नेटवर्क और उपयोगिताओं के साथ पार्किंग, भूनिर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्र होगा।
- प्रस्तावित जटिल विकास के क्षेत्र निम्नानुसार होंगे :
    - i अंतर्राष्ट्रीय और देशी क्रूज टर्मिनल- 9872 वर्ग मीटर
    - ii. अनुषंगी वाणिज्यिक भवन - 3736 वर्ग मीटर

**<u>परियोजना के लाभ:</u>**

- देशी और अंतर्राष्ट्रीय क्रूज से भीतरी इलाकों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।
- टैक्सी के संचालन, सामान निकासी, रेस्तरां, हाउसकीपिंग, स्थानीय हस्तशिल्प बनाने वाले कुटीर उद्योगों और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए रोजगार (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) मिलेगा।
- पर्यटन से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के रूप में गोवा सरकार को अप्रत्यक्ष लाभ होगा।
- क्रूज यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए लगातार और समय पर फेरी/रोरो सेवाएं प्रदान करना।

**4.** 30 वर्षों की अवधि के लिए 22.00 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश पर पीपीपी मोड पर मुरगांव पोर्ट, गोवा के अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज टर्मिनल और फेरी टर्मिनल का संचालन और अनुरक्षण कार्य प्रक्रिया में है।
परियोजना का ठेका गोवा इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल लिमिटेड को दिया गया और कन्सेशन करार पर 21-09-2023 को हस्ताक्षर किए गए।

**5.** **<u>बायना रेलवे यार्ड में अपरैम्प का निर्माण</u> :**
पीडब्ल्यूडी, गोवा सरकार ने एक डाउन रैंम्प का प्रस्ताव रखा है जो एमपीए रेलवे यार्ड में उतरता है। डाउन रैंम्प का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए, मुरगांव पत्तन ने बायना में एमपीए रेलवे यार्ड में एक अपरैम्प का निर्माण किया है, जिससे पत्तन में प्रवेश करने वाली सड़क यातायात के बेहतरीन संचलन में आसानी होगी । साथ ही कंटेनर, सामान्य नौभार, पीओएल और ब्रेक बल्क कार्गो जैसे कार्गो को क्षेत्र के भीतर ढेर करने के लिए अधिक क्षेत्र उपलब्ध होने से पत्तन की भंडारण क्षमता में भी वृध्दि होगी ।

जनवरी 2025 में 26 करोड़ रुपये की लागत से अपरैम्प का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

***6.*** **<u>पीपीपी आधार पर मौजूदा कार्गो घाट सं. 10 और 11 का प्रचालन और अनुरक्षण:</u>**

- मौजूदा घाट सं. 10 और 11 का निर्माण ड्राई बल्क, ब्रेक बल्क कंटेनर, तरल कार्गो की संभलाई हेतु क्रमशः वर्ष 1985 और 1993 में किया गया था जिसकी कुल घाट लबांई 570 मीटर और क्षमता 6 एमपीटीपीए थी। लैंडलॉर्ड पोर्ट पर स्विच करने के लिए, प्रचालन और रखरखाव को 30 वर्षों के लिए निजी ऑपरेटर को सौंपने का प्रस्ताव किया गया था।

- *भारत सरकार* ने 30 वर्षों के लिए पीपीपी मोड पर घाट के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए फरवरी, 2023 में 139.63 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है।

- एमपीए और मेसर्स डेल्टा पोर्ट्स मुरगांव टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के बीच दि. 14.12.2023 को कन्सेशन करार पर हस्ताक्षर किए गए।

- कन्सेशन देने संबंधी पत्र 10.12.2024 को जारी किया गया और कन्सेशनर द्वारा दि. 16.12.2024 को स्वीकार किया गया।

- निर्माण कार्य चालू है और वाणिज्यिक प्रचालन वर्ष 2025 में होगा ।

**7. <u>3एमडब्ल्यू पी</u> <u>सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना</u>**

- मुरगांव पत्तन प्राधिकरण मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी)-2030 के अंतर्गत निर्धारित निर्देशों/लक्ष्यों के अनुरूप 3 मेगावाट पी का सौर विद्युत संयंत्र संस्थापित करने की प्रक्रिया में है ताकि पत्तन पर नवीकरणीय सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाया जा सके। मेसर्स गोवा एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (जीईडीए) को परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

- मैसर्स ओरियाना पावर लिमिटेड, नोएडा द्वारा 14,88,21,000/- रुपये की उद्धृत राशि पर 3 एमडब्ल्यू पी /2.25 एमडब्ल्यू सौर ऊर्जा संयंत्र का 10 (दस) वर्षों के लिए डिजाइन, इंजीनियरी, खरीद, निर्माण, कमीशनिंग और व्यापक प्रबंधन कार्य किया जाएगा और यह परियोजना अप्रैल, 2025 तक पूरी होने की अपेक्षा है।

**८. मुरगांव पत्तन प्राधिकरण के घाट सं. 8 पर अग्निशमन सुविधाओं में वृद्धि:**

- एमपीए के बर्थ नंबर 8 का उपयोग पत्तन ऑपरेटरों द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों को संभालने के लिए किया जा रहा है, जो 26 वर्षों से अधिक पुराना है। मुरगांव पत्तन प्राधिकरण घाट सं 8 पर अग्निशमन सुविधा के संवर्धन की प्रक्रिया में है। मैसर्स एफएलएस इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को परियोजना के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है

- एमपीए के बर्थ नंबर 8 पर अग्निशमन सुविधाओं का संवर्धन ' मेसर्स स्टर्लिंग एंड विल्सन प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा नवीनतम तकनीक के साथ 14,60,89,489/- रुपये की उद्धृत राशि पर किया जाएगा ।

**ग) <u>पुन:संरचना के अधीन परियोजनाएं</u>**

**1. पीपीपी आधार पर घाट सं. 9 और तीन बजरा जेट्टियों का पुनर्विकास** :

- घाट संख्या 9 का निर्माण वर्ष 1978 में लौह अयस्क के निर्यात के लिए मशीनीकृत हैंडलिंग प्रणाली के साथ 5 बार्ज जेटी के साथ किया गया था। मशीनीकरण प्रणाली के पुराने हो जाने और जर्जर स्थिति होने के कारण वर्ष 2015 में मशीनीकरण को बंद कर दिया गया था।
- पत्तन ने योजना निम्नवत योजना बनाई है : क) तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए लेनदेन सलाहकारों की नियुक्ति के लिए ईपीसी मोड पर निविदा पर घाट संख्या 9 का पुनर्निर्माण, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और ईपीसी मोड पर तैयार निविदा प्रकाशित की गई है।

  ख) पाँच बजरा जेट्टियां :- पत्तन ने भारतीय तटरक्षक बल को 5 बजरा जेट्टियां पट्टे पर देने की योजना बनाई है। भारतीय तटरक्षक बल को बजरा जेट्टियां पट्टे पर देने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के विचाराधीन है ।

**घ) <u>संकल्पना स्तर के अधीन परियोजना</u>**

1. **वास्को खाडी का विकास** : लंबे समय से लंबित मत्स्य जेटी की मांग को पूरा करने के लिए पत्तन ने गोवा बोट ओनर्स एसोसिएशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद, वास्को खाड़ी को विकसित करने का प्रस्ताव रखा। विकास के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं पर विचार किया गया :

- मत्स्य पालन जेट्टी ---- 96 करोड़ रुपये
- यात्री लॉन्च जेट्टी ---- 21 करोड रुपये
- भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक के लिए प्रस्तावित जेट्टी --- 250 करोड़ रुपये
- तटीय कार्गो घाट – 203 करोड़ रुपये
- 29/02/2024 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा नए दिशानिर्देश जारी किए गए और ईआईए अध्ययन चालू हैं।

**7. मुख्य सेवा और लेनदेन**

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जहाज का लदान फेरा समय घटाना | 7 | यातायात प्रबंधक/वरि. उप. यातायात प्रबंधक | tm@mptgoa.gov.in | 9822102651<br>9923429339<br>7447758458 | समुद्री विभाग/एमपीटी द्वारा जहाज प्रोफ़ाइल की स्वीकृति पर बर्थिंग पॉलिसी के अनुसार घाटों को आबंटित किया जाता है। | नौभार के भारण/अभारण के लिए पंजीकृत शिपिंग एजेंट/ स्टीवीडोर्स से तत्परता की सूचना रसीद |
| 2 | जहाजों के लिए घाट का आबंटन | 6 | टीएम/डीसी | tm@mptgoa.gov.in<br>dc@mptgoa.gov.in | 9822102651<br>7757884277 | जहाजों के लिए घाट आबंटन कार्य यातायात विभाग से संबंधित है। अत: यह जहाज प्रोफ़ाइल की मंजूरी के बाद किया जाना है। | जहाज प्रोफ़ाइल की मंजूरी के लिए इन दस्तावेजों की आवश्यकता हैं : -<br>i) रजिस्ट्री प्रमाणपत्र<br>ii) इंटरनेशनल टनेज सर्टिफिकेट<br>iii) अंतर्राष्ट्रीय जहाज सुरक्षा प्रमाणपत्र<br>iv) पी एण्ड आई प्रमाणपत्र और पी एण्ड आई ब्लू कार्ड<br>v) सुरक्षा प्रबंधन प्रमाणपत्र<br>vi) टैंकरों के लिए क्लास और सीएएस / सीएएफ प्रमाणपत्र। |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 3 | लीज/लाइसेंस और मौजूदा लीज/सबलीज का नवीनी-करण | 5 | सीई | ce@mptgoa.gov.in | 9637198871 | 1. लीजिंग/लाइसेंसिंग के लिए भूमि/ परिसर की पहचान<br>2. ई-निविदा सह नीलामी की तैयारी<br>3. टेंडरिंग के लिए भूमि आबंटन समिति की मंजूरी<br>4. ई-निविदा प्रक्रिया<br>5. निविदा की जांच<br>6. सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन<br>7. पट्टा/लाइसेंसधारी के लिए भूमि का आबंटन<br>8. लीज/लाइसेंसधारी द्वारा सिक्योरिटी डिपॉजिट और अग्रिम/पट्टे की फीस जमा करना<br>9. पट्टा विलेख/लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर करना। | निविदा, भूमि आबंटन समिति की रिपोर्ट, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन, समझौता/ पट्टा करार। |
| 4 | पायलटेज | 5 | डीसी | dc@mptgoa.gov.in | 7757884277 | जहाज संचलन की आवश्यकता के अनुसार बर्थिंग बैठक में पायलटेज के संबंध में निर्णय लिया जाता है। | जहाज की एलओए, ड्राफ्ट, जीआरटी, मौसम की स्थिति, ज्वार सारणी । |
| 5 | हारबर मोबाईल क्रेन की उपलब्धता | 5 | एटीएम ग्रेड – I | tm@mptgoa.gov.in | 9518349458 | एचएमसी के लिए ऑनलाइन मांग प्राप्त होने पर, उसे प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार आबंटित किया जाता है। | शून्य |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | पत्तन के सभी क्रेन, टग आदि का अनुरक्षण | 5 | क्रेनों के लिए-सीएमई<br>टगों के लिए-डीसी | cme@mptgoa.gov.in<br>dc@mptgoa.gov.in | 0832-2594571<br>2594247<br>0832-2594804/16 | अनुरक्षण समय-सूची के अनुसार पत्तन क्रेनों का दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक अनुरक्षण। रखरखाव कार्यक्रम के अनुसार पोर्ट क्रेनों का दैनिक, साप्ताहिक, रात्रिकालीन, मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रखरखाव करना। | अनुरक्षण समय-सूची |
| 7 | सिविल अवसंरचना, सडक, ज़ेट्टी, वार्फ आदि का निर्माण तथा अनुरक्षण | 4 | सीई | ce@mptgoa.gov.in | 9637198871 | 1. अनुरक्षण/निर्माण आवश्यकता की पहचान करना।<br>2. कार्य निष्पादित करने के लिए प्रस्ताव पर अनुमोदन<br>3. निविदा आमंत्रित करना।<br>4. कार्य सौंपना।<br>5. कार्य निष्पादित करना ।<br>6. कार्य निष्पादित करते समय मानिटरिंग। | 1. प्राक्कलन<br>2. निविदा<br>3. मापन बही<br>4. संविदाकारों के बिल |
| 8 | भारण/अभारण प्रचालन के लिए रेलवे शंटिंग हेतु लोको सेवांए प्रदान करना | 4 | एटीएम (R) | tm@mptgoa.gov.in | 8806830920<br>9422455684 | 1. टर्मिनल प्रचालक /स्टिवीडोर्स द्वारा दिए इंडेंट्स के अनुसार एसडब्ल्यूआर द्वारा आपूरित खाली बक्सों को अदाणी तथा एसडब्ल्यूपीएल लोडिंग पॉइंट के तहत रखा जाता है । | 1. पत्तन प्रयोक्ताओं से इंडेंट्स<br>2. पायलट मेमो<br>3. प्रेषण टिप्पणी<br>4. रेडी मेमो 5. आरआर |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | 2. भारण/अभारण प्रचालन पूरा होने के पश्चात भारित/खाली रैकों को मापन के पश्चात वापस एसडब्ल्यूआर को सुपुर्द किया जाता है। | |
| 9 | वार्फ के भीतर भंडारण क्षेत्र का आबंटन | 4 | एटीएम ग्रेड – I | tm@mptgoa.gov.in | 9518349458 | 1. मांग पत्रों की प्राप्ति<br>2. उपलब्धता के आधार पर भंडारण क्षेत्र का आबंटन । | मांग पत्र |
| 10 | नौभार प्रचालन हेतु गैंग का आबंटन | 3 | एटीएम ग्रेड – I | tm@mptgoa.gov.in | 9518349458 | स्टिवीडोर्स द्वारा मांग पत्र प्रस्तुत किया जाता है और उसके आधार पर बुकिंग अनुभाग द्वारा सेटों का आबंटन किया जाता है । | ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण |
| 11 | बिल तथा सेवाओं को प्रस्तुत करना | | श्री तुलसीदास एल. पालयेंकर , (ए.ओ.- ग्रेड-1) (सीडीसी) | fa&cao@mptgoa.gov.in | 0832-2594413 | डेबिट मेमो अनुरोध जारी होने के बाद, सैप में बीजक बनाना। | डीएमआर, तथ्यों का विवरण/संविदा आदि |
| 12 | विद्युत बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतें | 2 | सीएमई | cme@mptgoa.gov.in | 0832-2594241 / 2594216 | पत्तन प्रयोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों का शीघ्र निवारण किया जाता है । | शिकायत पंजी |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पद नाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 13 | संविदाकारों /आपूर्ति कर्ताओं को भुगतान | 3 | टीएम/डीसी/ सीई/ सीएमई/विस व मुलेअ | tm@mptgoa.gov.in<br>dc@mptgoa.gov.in<br>ce@mptgoa.gov.in<br>cme@mptgoa.gov.in<br>fa&cao@mptgoa.gov.in | 9607700320<br>775788277<br>9637198871<br>9727079223<br>9845815808<br>9823328688<br>0832-2594202 | संविदाकारों से बीजक/ बिल प्राप्त किए जाते हैं। बिलों पर सैप द्वारा कार्रवाई कर संविदाकारों को भुगतान हेतु वि.स.व मु.ले.अ. को प्रेषित किया जाता है । | ईपीएफ/ईएसआईसी अदा किए चालान सहित बीजक, लॉग शीट, वेतन पंजी, मस्टर रोल तथा **संविदाकार के कर्मचारियों को भुगतान किए जाने संबंधी बैंक स्टेटमेंट।** |
| 14 | संविदाकारों का पंजीकरण (10 लाख रुपए तक के सिविल कार्य) | 2 | सीई | ce@mptgoa.gov.in | 9637198871 | 1. संविदाकारों से मांग की प्राप्ति (सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ)<br>2. बैंक से ऋण क्षमता प्रमाणपत्र की पुष्टि<br>3. संविदाकार के पंजीकरण के लिए प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना<br>4. यदि अनुमोदित हो तो पंजीकरण पत्र जारी करना। | बैंक से ऋण क्षमता प्रमाण पत्र, ईपीएफ, ईएसआईसी पंजीकरण, जीएसटी पंजीकरण, संविदाकार द्वारा किए गए कार्य की सूची । |
| 15 | जहाजों के लिए तथा घाटों पर साफ पानी की आपूर्ति | 2 | डीसी/सीई | dc@mptgoa.gov.in | 7757884277 | जलापूर्ति के लिए शिपिंग एजेंट, नौसेना तथा तट रक्षक से एचएम को अनुरोध । पत्तन बदले में प्रभार्य आधार पर, घाट पर स्थित जहाजों के लिए अनुबंध आधार पर साफ पानी की आपूर्ति करता है। | पार्टी से अनुरोध पत्र। |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 16 | आग दुर्घटना को रोकना तथा ऐसी घटना पर नियंत्रण | 4 | एफओ | Omprakash.s@mptgoa.gov.in | 9767874911 | आग दुर्घटना की सूचना मिलने पर सिग्नल स्टेशन अग्निशमन स्टेशन को तदनुसार कार्य करने हेतु सूचित करता है । | आपातकालीन संपर्क विवरण पत्तन क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से पोस्ट की गई है । |
| 17 | रिश्वत व भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें | 4 | श्री श्री पद्मनाभाचर के, आईओएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी | cvo@mptgoa.gov.in | 0832-2594161 | 1. शिकायतों की प्राप्ति<br>2. पूछताछ तथा जांच<br>3. रिपोर्ट, अध्यक्ष को प्रस्तुत करना<br>4. की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट मंत्रालय को प्रेषित करना। | शिकायतकर्ताओं के पतों की जांच। |
| 18 | सीपीग्राम तथा नागरिक चार्टर का मानिटरिंग और तिमाही रिपोर्ट पोत परिवहन मंत्रालय को प्रस्तुत करना | 5 | श्री एम. शंकर बाबू, सचिव | secretary@mptgoa.gov.in | 0832-2521122<br>0832-2594103 | 1. अनुरोध की प्राप्ति<br>2. संबंधित विभागों को प्रेषित करना<br>3. अन्य विभागों से जानकारी प्राप्त करना<br>4. जवाब देना<br>5. की गई कार्रवाई रिपोर्ट मंत्रालय को भेजना। | संबंधित विभागाध्यक्षों से यथावत जांच की गई जानकारी<br>अन्य विभागों से की गई कार्रवाई रिपोर्ट। |

| क्रम सं. | सेवा | भार | जिम्मेदार व्यक्ति(पदनाम) | ई-मेल | मोबाइल नं. | प्रक्रिया | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 19 | (i) पत्तन प्रयोक्ताओं के लिए एलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन<br>(ii) पत्तन के संविदाकारों के लिए अस्थाई एलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन | 2 | सीएमई | cme@mptgoa.gov.in | 0832-2594579 | 1. मांग पर, वेंडरों के लिए आवश्यक कनेक्शन की व्यवस्था करना ।<br>2. बिजक के लिए सैप से सीडीसी का डीएमआर करना। | 1. पावर कनेक्शन के लिए वेंडरों से मांग पत्र<br>2. विद्युत उपकरण/ साधनों के लिए संबध्द परीक्षण प्रमाणपत्र । |
| 20 | चिकित्सा उपचार सुविधा | 4 | सीएमओ | cmo@mptgoa.gov.in | 9823132030 | 1. चिकित्सा इमेर्जेंसी के लिए 24x7 एम्बुलंस की उपलब्धता<br>2. ड्यूटी डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ सहित 24x7 कॅज्युलिटि सेवा । | 1. एम्बुलंस रिलिजिंग रजिस्टर<br>2. कॅज्युलिटि एडमिशन रजिस्टर तथा डॉक्टरों की डयूटी सूची । |
| 21 | पोर्ट इंस्टिट्यूट बिल्डिंग, वास्को में सीएएक्यूएमएस स्टेशन का संस्थापन कर वायु गुणता की मानिटरिंग । | 7 | एक्सईएन (ईपीसी) | enviorncellmpt@gov.in | 9423323111 | लॉगर हेड एनलाइजर से डाटा ब्रॉडबॅण्ड कनेक्टिविटी से स्थानांतरित करना तथा एमपीए द्वारा नियुक्त जी-लेंस सेवा प्रदाता द्वारा गोवा प्रदूषण नियंत्रण मंडल पोर्टल पर अपलोड करना। | रियल टाईम डाटा एक्विजिशन तथा मानिटरिंग जी-लेंस ॲप पर ऑनलाईन उपलब्ध है। |

## 8. सेवा मानक

| क्रम सं. | सेवा | भार | सफलता | सेवा मानक | यूनिट | डाटा स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जहाजों का लदान फेरा समय कम करना | 7 | 70.51 (वास्तविक 2024-25 से फरवरी, 2025 तक) | 61.43(लक्ष्य 2024-25) | घंटे | एसएपी/मंत्रालय लक्ष्य |
| 2 | जहाजों के लिए घाटों का आबंटन | 6 | - | प्रतिदिन | प्रतिदिन | बर्थिंग मिटिंग |
| 3 | पट्टा/लाइसेंस तथा मौजूदा पट्टे/उप पट्टे का नवीनीकरण | 5 | 80% की रिक्त भूमि पट्टे पर दी जा चुकी है | शेष भूमि जिसकी पत्तन को आवश्यकता नहीं है, को निर्धारित तारीख के भीतर पट्टे पर देना। | दिनों की संख्या | कथित फाईल |
| 4 | पायलटेज | 5 | 100% | 34 | मिनट | सैप |
| 5 | हारबर मोबाईल क्रेनों की उपलब्धता | 5 | 90% | न्यूनतम समय में नौभार का भारण तथा अभारण | घंटे | सैप |
| 6 | पत्तन की सभी क्रेनों, टग, लोको आदि का अनुरक्षण। | 5 | 95% | उपकरणों का अच्छी कार्य स्थिति में रखरखाव। | प्रतिदिन | एक्सईएन(उप.)/ डीसी |
| 7 | सिविल अवसंरचना, सड़के, जेट्टी, वार्ड आदि का निर्माण तथा अनुरक्षण। | 4 | आईएस मानक तथा उपयोगिता आवश्यकता के अनुसार सिविल संपत्ति का अनुरक्षण/निर्माण। | संबंध्द लागू भारतीय मानक, कार्य समय पर पूरा करना। | परियोजना/कार्य के अनुसार प्रतिशत सफलता | कथित फाईल |

| क्रम सं. | सेवा | भार | सफलता | सेवा मानक | यूनिट | डाटा स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | भारण/अभारण प्रचालन के लिए रेलवे शटिंग हेतु लोको सेवाएं प्रदान करना | 4 | 100% | उत्कृष्ट | --- | एटीएम(आर) |
| 9 | वार्फ के भीतर भंडारण क्षेत्र का आबंटन | 4 | 100% | प्राप्त | --- | एटीएम(एस) |
| 10 | नौभार प्रचालन के लिए गैंग आबंटन | 3 | 95.83% | प्राप्त | --- | सीएचएलएस |
| 11 | बिल प्रस्तुत करना तथा सेवाएं | -- | 100% | ऑपरेटिंग विभाग से डेबिट मेमो अनुरोध जारी होने के 5 कार्य दिवसों के भीतर। | दिन | सैप |
| 12 | विद्‌युत आपूर्ति की शिकायतें | 2 | 98% | 1 दिन के भीतर | दिन | एक्सईएन(ई)/ एचएल/एचआर |
| 13 | संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान | -- | 100% | ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं को, सभी तरह से पूर्ण बिल जमा करने के बाद अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार सभी भुगतान जारी किए जाते हैं। | दिन | सैप |
| 14 | संविदाकार का पंजीकरण (10 लाख तक के सिविल कार्य) | 2 | सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के पश्चात उचित श्रेणी अनुसार निर्धारित समय के भीतर संविदाकार का पंजीकरण | निर्धारित समय के भीतर पंजीकरण पूरा करना | दिनों की संख्या | पंजीकरण फाईल |
| 15 | जहाजों तथा घाटों के लिए साफ पानी की आपूर्ति | 2 | 100% | 2 दिनों के भीतर | दिन | शिपिंग अनुभाग |

| क्रम सं. | सेवा | भार | सफलता | सेवा मानक | यूनिट | डाटा स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 16 | आग दुर्घटना को रोकना तथा ऐसी घटना पर नियंत्रण | 4 | 100% | तुरंत | कॉल्स | घटना बुक |
| 17 | रिश्वत व भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें | 4 | शिकायतों के निवारण तथा अध्यक्ष व मंत्रालय को रिपोर्ट करने के लिए लगा औसतन समय | 5 | दिन | मंत्रालय का रिकार्ड |
| 18 | सीपीग्राम तथा नागरिक चार्टर का मानिटरिंग और तिमाही रिपोर्ट पोत परिवहन मंत्रालय को प्रस्तुत करना। | 5 | शिकायतों के निवारण तथा इसके नतीजे के बारे में संबंधित पार्टी को सूचित करने के लिए लगा औसतन समय। | 60 | दिन | सीपीग्राम तथा मंत्रालय का रिकार्ड |
| 19 | (i) पत्तन प्रयोक्ताओं के लिए एलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन<br>(ii) पत्तन के संविदाकारों के लिए अस्थाईएलटी पावर आपूर्ति सेवा कनेक्शन | 2 | 95% | प्रचालन के लिए/निर्माण कार्यस्थल हेतु घाट पर पत्तन प्रयोक्ताओं के लिए विद्युत आपूर्ति | --- | एक्सईएन(ई)/एचएल/ एचआर |
| 20 | चिकित्सा उपचार सुविधा | 4 | 1. चिकित्सा इमेर्जेंसी के लिए 24x7 एम्बुलंस की उपलब्धता<br>2. ड्यूटी डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ सहित 24x7 कॅज्युलिटि सेवा | 100 | प्रतिशत | 1. एम्बुलंस रिलिजिंग रजिस्टर<br>2. कॅज्युलिटि एडमिशन रजिस्टर तथा डॉक्टरों की डयूटी सूची |
| 21 | पोर्ट इंस्टिट्यूट बिल्डिंग, वास्को में सीएएक्यूएमएस स्टेशन का संस्थापन कर वायु गुणता की मानिटरिंग । | 7 | लॉगर हेड एनलाइजर से डाटा ब्रॉडबॅण्ड कनेक्टिविटी से स्थानांतरित कर एमपीए द्वारा नियुक्त जी-लेंस सेवा प्रदाता द्वारा गोवा प्रदूषण नियंत्रण मंडल पोर्टल पर अपलोड करना। | 70 | प्रतिशत | रियल टाईम डाटा एक्किजिशन तथा मानिटरिंग जी-लेंस ऍप पर ऑनलाईन उपलब्ध है। |

## 9. शिकायत निवारण प्रणाली

| जन शिकायत अधिकारी का नाम व संपर्क विवरण | पदनाम | पता | सम्पर्क विवरण |
|---|---|---|---|
| श्री एम. शंकर बाबू | सचिव | सामान्य प्रशासन विभाग, मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरा तल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड सडा, गोवा 403804 | दूरभाष : 0832-2521120<br>ईमेल आईडी: secretary@mptgoa.gov.in |

**निम्न के माध्यम से शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं:**

(i) ऑनलाइन केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और मानिटरिंग प्रणाली (CPGRAMS) (https://pgportal.gov.in)

(ii) उपर्युक्त पते पर डाक द्वारा और हाथ से वितरण

9.1 शिकायतों की पावती तुरंत और अधिकतम तीन कार्य दिवसों के भीतर दी जाती है। शिकायतों का निवारण पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

9.2 सीपीग्राम पर प्राप्त शिकायत के मामले में, मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार याचिकाकर्ता को जारी किया गया उत्तर 10 दिनों के भीतर सीपीग्राम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है।

9.3 शिकायतकर्ता से अपेक्षा : सभी संबंधित विवरण और संपर्क विवरण के साथ शिकायत की स्पष्टता।

9.4 शिकायतों के आधार पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है। सुझावों का परिणाम मामले के आधार पर निर्भर करता है।

## 10. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण "सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005" का अनुपालन करता है। आईएसओ 9001-2015 अनुपालक पत्तन होने के कारण, इसके अभिलेखों को विभागीय मैनुअल में विस्तृत आईएसओ प्रक्रियाओं के अनुसार सूचीबद्ध और अनुक्रमित किया जाता है।

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण इस अधिनियम के तहत अपेक्षित अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत जिस जानकारी का खुलासा करने की आवश्यकता है,उसे हमारी वेबसाइट (https://www.mptgoa.gov.in) पर अपलोड किया जाता है। आरटीआई पोर्टल की नियमित निगरानी की जाती है। सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर आरटीआई का अनुपालन किया जाता है। आरटीआई अधिनियम के तहत जिम्मेदार अधिकारियों का विवरण इस प्रकार है:

**पारदर्शिता अधिकारी**

| अधिकारी का नाम | पदनाम | पता | ई-मेल |
|---|---|---|---|
| श्री विनायक बी.एस. राव, | उपाध्यक्ष | एमपीए | dychairman@mptgoa.gov.in |

**प्रथम अपीलीय प्राधिकारी**

| क्रम सं. | विभाग | एफएए का नाम | पदनाम | पता | ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सतर्कता | श्री पद्मनाभाचर के, आईओएफएस | मुख्य सतर्कता अधिकारी | एमपीए | cvo@mptgoa.gov.in |
| 2. | यांत्रिक इंजीनियरी | श्री सुदनवा एस. फड़ते | मुख्य अभियंता | एमपीए | cme@mptgoa.gov.in |
| 3. | वित्त | श्री अनंत वी. पी. चोडणेकर | वि.स. व मु.ले.अ. | एमपीए | fa&cao@mptgoa.gov.in |
| 4. | समुद्री | कप्तान एस. आर. पटनायक | उप संरक्षक | एमपीए | dc@mptgoa.gov.in |
| 5. | यातायात | कप्तान हिमांशु शेखर | यातायात प्रबंधक | एमपीए | tm@mptgoa.gov.in |
| 6. | सामान्य प्रशासन | श्री एम. शंकर बाबू | सचिव | एमपीए | secretary@mptgoa.gov.in |
| 7. | चिकित्सा | डॉ.जे.एस.एन.रवि कृष्णा | मुख्य चिकित्सा अधिकारी | एमपीए | cmo@mptgoa.gov.in |
| 8. | सिविल इंजीनियरी | श्री सुदनवा एस. फड़ते | मुख्य अभियंता | एमपीए | ce@mptgoa.gov.in |

इस संगठन के निम्नलिखित अधिकारियों को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और केंद्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है।

| **क्रम संख्या** | **विभाग** | **प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का नाम** | **सीपीआईओ का नाम** | **सीएपीआईओ का नाम** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सतर्कता विभाग | श्री पद्मनाभचर के, आईओएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी<br>ईमेल: cvo@mptgoa.gov.in | श्री पियेदादे रोड्रिगिस, एक्सईएन(ई) | शून्य |
| 2. | यांत्रिक इंजीनियरी विभाग | श्री सुदानवा एस. फड़ते, मुख्य अभियंता<br>ईमेल: cme@mptgoa.gov.in | श्री फ्रेडी सुआरिस , अधीक्षण इंजीनियर (एसई) एवं सीएमई (प्रभारी) | श्री यशपाल सिंह नेगी, अधीक्षण अभियंता (एम) |
| 3. | वित्त विभाग | श्री अनंत वी. पी. चोडणेकर, वि.स. व मु.ले. अ.<br>ईमेल:facao@mptgoa.gov.in | श्री मिलिंद देसाई, उप. मुख्य लेखा अधिकारी | श्री रवीन्द्र चोपडेकर, उप मुख्य लेखा अधिकारी |
| 4. | समुद्री विभाग | कप्तान एस.आर.पटनायक, उप संरक्षक<br>ईमेल: dc@mptgoa.gov.in | श्री राम मोहन चेलुरी, मुख्य अभियंता | श्री राजेश मालवंकर, स्थापना अधिकारी |
| 5. | यातायात विभाग | कप्तान हिमांशु शेखर, यातायात प्रबंधक,<br>ईमेल :tm@mptgoa.gov.in | श्री जेरोम क्लेमेंट, वरिष्ठ उप यातायात प्रबंधक | श्री प्रेमानंद धूमस्कर, वरिष्ठ सहायक यातायात प्रबंधक |
| 6. | सामान्य प्रशासन विभाग | श्री एम. शंकर बाबू, सचिव<br>ईमेल:secretary@mptgoa.gov.in | श्री संदीप रायकर, सहायक सचिव ग्रेड I | श्री सुभाष सालगांवकर, कार्यालय अधीक्षक. |
| 7. | चिकित्सा विभाग | डॉ. जे.एस.एन. रवि कृष्ण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी<br>ईमेल :cmo@mptgoa.gov.in | डॉ. ग्लोरिया डिसिल्वा ई कामत, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी | डॉ. रीटा वाज़, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (विशेष) |
| 8. | सिविल इंजीनियरिंग विभाग | श्री सुदनवा एस. फड़ते, मुख्य अभियंता<br>Email:ce@mptgoa.gov.in | श्री गुरुदास गडकर, अधीक्षण अभियंता | श्री सोकोरो सिल्वा, एक्सईएन |

**11. उत्तरदायित्व केंद्र**

| क्रम सं. | जिम्मेदारी केंद्र | लैंडलाइन एसटीडी कोड के साथ | ईमेल | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस:1994 अध्यक्ष | 0832-2521100 0832-2521200 | chairman@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804. |
| 2 | श्री विनायक बी.एस. राव, उपाध्यक्ष | 0832-2521110 | dychairman@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804. |
| 3 | श्री पद्मनाभाचर के., आईओएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी | 0832-2594161 | cvo @mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804. |
| 4 | श्री फ्रेडी सुआरिस, अधीक्षण अभियंता (एसई) एवं सीएमई (प्रभारी ) | 0832-2521170 | cme@mptgoa.gov. in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, दुसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804. |
| 5 | कप्तान एस.आर.पटनायक, उप संरक्षक | 0832-2594801 | dc@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, पहली मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804 |
| 6 | कप्तान हिमांशु शेखर, यातायात प्रबंधक | 0832-2594701 | tm@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804 |

| क्रम सं. | जिम्मेदारी केंद्र | लैंडलाइन एसटीडी कोड के साथ | ईमेल | पता |
|---|---|---|---|---|
| 7 | श्री अनंत वी. पी. चोडणेकर, वि.स. व मु.ले. अ. | 0832-2521130 | facao@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, पहली मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804 |
| 8 | श्री एम. शंकर बाबू, सचिव | 0832-2521120<br>0832-2594101 | secretary@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804 |
| 9 | डॉ. जे.एस.एन. रवि कृष्ण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी | 0832-2521377 | cmo@mptgoa.gov. in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, चिकित्सा विभाग, हेडलैण्ड , सडा |
| 10. | श्री सुदानवा एस. फड़ते, मुख्य अभियंता | 0832-2521164<br>0832-2521162 | ce@mptgoa.gov.in | मुरगांव पत्तन प्राधिकरण, दुसरी मंजिल, "सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड , सडा, गोवा – 403804 |

| 12. | ग्राहकों के समूह/स्टैकहोल्डर/प्रयोक्ताओं की पहचान |
|---|---|
| 1 | बजरा मालिक संघ |
| 2 | कस्टम हाऊस एजेंट |
| 3 | पट्टा धारक |
| 4 | कर्मचारी/कामगार |
| 5 | चेंबर ऑफ कामर्स |
| 6 | स्टीवीडोर/शिपिंग एजेंट |
| 7 | सीएफएस आपरेटर्स |
| 8 | पीपीपी आपरेटर्स |
| 9 | कोंकण रेल्वे |
| 10 | दक्षिण मध्य रेल्वे |
| 11 | नौसेना तथा तटरक्षक |
| 12 | संविदाकार तथा आपूर्तिकर्ता |
| 13 | केंद्र सरकार के कार्यालय/पीएसयू |
| 14 | राज्य सरकार/ कार्यालय |

**मुरगांव पत्तन प्राधिकरण**
**हेडलैण्ड सडा,गोवा-403 804**
**नागरिक चार्टर के अधीन  शिकायतकर्ताओं के लिए प्रपत्र**

फोटोग्राफ

| **क्रम सं.** | **पार्टियों/शिकायतकर्ताओं का विवरण** |
|---|---|
| 1 | शिकायत का प्रकार<br>------------------------------------------<br>----------------------------------------------- |
| 2 | शिकायत दर्ज करने की तारीख व समय<br>तारीख :- ------------------------------------------<br>समय :- ------------------------------------ |
| 3 | शिकायतकर्ता/ एजेंट/ पत्तन प्रयोक्ता आदि का नाम<br>-------------------------------------<br>---------------------------------------- |
| 4 | पूरा पता<br>----------------------------------------<br>---------------------------------------- |
| 5 | शिकायतकर्ता का  दूरभाष विवरण/ई मेल पता<br>------------------------------------------<br>--------------------------------------------- |
| 6 | आधार कार्ड संख्या<br>-----------------------------------------<br>-------------------------------------------- |
| | शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर |